उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

कस्बे की बुनियादी समस्याओं को लेकर एसडीएम ने किया बाजना का भ्रमण, सभासद रहे मौजूद।



संवाददाता खुशांत गुप्ता बाजना (मथुरा)। नगर पंचायत बाजना में जनसुविधाओं और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए 7 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे एसडीएम ने स्थानीय सभासदों के साथ कस्बे के विभिन्न वार्डों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित सार्वजनिक सुविधाओं का जायजा लिया और स्थानीय समस्याओं को मौके पर समझा।निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर खराब स्ट्रीट लाइटें, कुछ गलियों में प्रकाश व्यवस्था का अभाव तथा अंदरूनी मार्गों पर क्षतिग्रस्त खड़ंजों की समस्या सामने आई। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी की स्थिति भी देखी गई।इसके अलावा एसडीएम ने स्थानीय गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रात के समय गोवंश के रख-रखाव, चारे की उपलब्धता, शेड में प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।निरीक्षण के बाद एसडीएम ने नगर पंचायत के संबंधित कर्मचारियों और तकनीकी टीम को बंद स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र दुरुस्त कराने, जिन स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था नहीं है वहां नई लाइटें लगाने तथा जर्जर खड़ंजों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

एक नज़र में

CHC जवां को PM-JAY में उत्कृष्ट क्लेम प्रदर्शन पर प्रदेश में प्रथम स्थान।
चोरी की बाइक समेत 19 वर्षीय युवक गिरफ्तारराया पुलिस ने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल की बरामद, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज।
जनपद अंबेडकर नगर जिला के भीटी तहसील में जिला अधिकारी द्वारा किया गया तहसील दिवस,
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

राजनीति

CHC जवां को PM-JAY में उत्कृष्ट क्लेम प्रदर्शन पर प्रदेश में प्रथम स्थान।



संवाददाता हर्ष राठी जवां, अलीगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) जवां के लिए यह गौरव का विषय है कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए केंद्र को प्रदेश स्तर पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। CHC जवां ने PM-JAY के तहत उत्कृष्ट क्लेम प्रदर्शन और क्लेम इंसेंटिव के प्रभावी उपयोग के मामले में पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।यह उपलब्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रदेश के जिला चिकित्सालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बीच CHC जवां ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए यह सम्मान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से केंद्र के चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और प्रशासनिक टीम में उत्साह का माहौल है।

देश

चोरी की बाइक समेत 19 वर्षीय युवक गिरफ्तारराया पुलिस ने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल की बरामद, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया। थाना राया पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के मामले में कार्रवाई करते हुए एक 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है।पुलिस के अनुसार, थाना राया पुलिस टीम 7 अक्टूबर की रात क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान रात करीब 10:20 बजे रामपुर चौराहे से केशरगढ़ी जाने वाली सड़क पर शिवालय से करीब 30 कदम आगे पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर पूछताछ की।

Uncategorized

जनपद अंबेडकर नगर जिला के भीटी तहसील में जिला अधिकारी द्वारा किया गया तहसील दिवस,



संवाददाता इंद्रेश मिश्रा जनपद अंबेडकर नगर के भीटी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अंबेडकर नगर जिला अधिकारी ईशा प्रिया पुलिस कप्तान महोदय अंबेडकर नगर सुश्री प्राची सिंह वित्य एवं राजस्व विभाग ए डी एम श्रीमती ज्योत्सना मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा एवं तहसील भीटी की एसडीएम गुप्ता और तहसील के समस्त कर्मचारी गण क्षेत्र के थाना प्रभारी मौके पर उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया। की आए हुए प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय अवध से शीघ्र अति शीघ्र कराया जाए ।यदि जिस विभाग का प्रार्थना पत्र समय पूर्ण से उसका समाधान नहीं कराया जाएगा । तो उस विभाग के खिलाफ सख्त से सख्त करवाई की जाएगी।